
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 76 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...कब वापसी हो पाए



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 18 जून 2020



मौसम अधिकतम 36.0° न्यूनतम 24.0°

33605.22

2 शांतिपूर्ण समाधान समर्थन करेगा अमेरिका

7 शहीद सैनिकों को विराट ने दी श्रद्धांजलि

# भ्रम न पाले, जवाब जरूर मिलेगा

## लद्दाख में 20 सैनिकों की शहादत पर पीएम मोदी की चीन को चेतावनी

### 19 को चीन पर पीएम मोदी ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली। लद्दाख में भारत और चीनी सैनिक झड़प पर आखिरकार प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से बयान आ गया है। इसमें बताया गया कि 19 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सर्वदलीय बैठक करेंगे, इसमें विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के अध्यक्षों को बुलाया गया है। मीटिंग में भारत–चीन बॉर्डर की ताजा स्थिति पर चर्चा होगी।

### जवानों की शहादत पर राजनाथ सिंह, देश नहीं भूलेगा

राजनाथ सिंह ने लिखा, गलवान में सैनिकों की शहादत बेहद दुखद और परेशान करनेवाली है। जवानों ने बहादुरी दिखाते हुए अपने फर्ज को निभाया और शहीद हो गए। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि देश जवानों की शहादत को कभी नहीं भूलेगा और मैं शहीदों के परिवार के साथ हूं।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लद्दाख में भारत के 20 जवानों की शहादत पर पीएम नरेंद्र मोदी ने चीन को कड़ा संदेश दे दिया है। मोदी ने देश को आश्वस्त किया कि जवानों का बलिदान बेकार नहीं जाएगा। उन्होंने चीन को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें उकसाएगा, तो वह भ्रम में न रहे। भारत के पास हर हाल में यथोचित जवाब देने की ताकत है।

कोरोना वायरस पर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले लद्दाख में भारत–चीन विवाद पर बात की। जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी ने साफ किया कि भारत वैसे शांति चाहता है, लेकिन किसी के उकसाने पर उचित जवाब देना जानता है।

मोदी ने कहा कि मैं शहीदों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं, जवानों और उनके परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि देश आपके साथ है, स्थिति कुछ भी हो देश आपके साथ है। मोदी ने आगे कहा कि भारत अपने स्वाभिमान और हर एक इंच जमीन की रक्षा करेगा।



### भरोसा देता हूं–बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा

मोदी ने आगे कहा कि देश को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। भारत की अखडता, संप्रभुता की रक्षा करने से हमें कोई रोक नहीं सकता। किसी को भ्रम या संदेह नहीं होना चाहिए कि भारत शांति चाहता है लेकिन उकसाने पर उचित जवाब देने में सक्षम है।

"अपनी क्षमताओं को साबित किया है। त्याग हमारे राष्ट्रीय चरित्र का हिस्सा है। साथ ही विक्रम और वीरता भी हमारे देश का चरित्र का हिस्सा है। मैं देश को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। –पीएम नरेंद्र मोदी

भारत शांति चाहता है, लेकिन **उकसावे पर चुप नहीं बैठेगा:** पीएम नरेंद्र मोदी ने साफ कहा कि भारत शांतिपूर्ण देश है। इतिहास भी इस बात का गवाह है कि हमने विश्व में शांति फैलाई। पड़ोसियों के साथ दोस्ताना तरीके से काम किया।

मतभेद हुए भी को कोशिश की है कि विवाद न हो। हम कभी किसी को भी उकसाते नहीं हैं लेकिन अपने देश की अखंडता के साथ समझौता भी नहीं करते।

### मारते–मारते मरे हैं हमारे वीर सैनिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख में शहीद हुए वीर जवानों को याद करते हुए कहा कि देश को गर्व है कि हमारे सैनिक मारते–मारते मरे हैं। अपनी बात खत्म करके उन्होंने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन भी रखवाया। आज जिन 15 राज्यों से पीएम नरेंद्र मोदी ने कोरोना पर बात की उसमें महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु, गुजरात जैसे राज्य शामिल हैं। ये वे राज्य या केंद्र शासित प्रदेश हैं जिनमें कोरोना विस्फोट हो चुका है। मतलब कोरोना के मामले यहां लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कोरोना वायरस पर बात करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन की बैठक बुलाई थी। इसमें पहले दिन की चर्चा मंगलवार को हुई थी। इसमें 21 राज्यों के मुखियाओं से बात की गई थी। ये वे 21 राज्य थे जिनमों कोरोना की स्थिति कंट्रोल में है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुशांत केस: सलमान, करण जौहर पर केस

**संवाददाता** मुजफ्फपुर। बिहार के अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में मुजफ्फरपुर में सलमान खान और करण जौहर सहित कई नामचीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वकील सुधीर कुमार ओझा ने आइपीसी की धारा 306, 109, 504 और 506 के तहत इन हस्तियों के खिलाफ मुकदमा कराया है। इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई के लिए 3 जुलाई की तारीख तय की है।

### देवाल में चीन के खिलाफ प्रदर्शन

**संवाददाता** देवाल। देवाल बस स्टेशन में क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों ने चीन के खिलाफ जमकर नारेबाजे करते हुए चीन सरकार का पुतला फूंका। लोगों में चीन के सामान का बहिष्कार करने की अपील भी की। बुधवार को क्षेत्र पंचयत सदस्य देवाल प्रमोद मिश्र की अगवाई में युवा जनप्रतिनिधि देवाल बस स्टेशन पर एकत्रित हुए।

## हर कॉलेज में 25 तक ई–ग्रंथालय स्थापित किया जाय

■मृतकों की संख्या 9,900 हुई

**संवाददाता**

देहरादून। राजकीय महाविद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आज उच्च शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में विधानसभा के सभा कक्ष में उच्च शिक्षा विभाग की मैराथन बैठक हुई। जिसमें 14 सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा हुई। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने 14 सूत्रीय एजेंडे को अमल में लाने के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों से एक–एक कॉलेज की प्रगति रिपोर्ट मांगी। वहीं प्रत्येक कॉलेज में ई–ग्रंथालय को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 25 जून तक इसे सभी कॉलेजों में स्थापित किया जाय। जिसका विधिवत् लोकार्पण मुख्यमंत्री के द्वारा इसी माह किया जायेगा।

बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने 14 बिंदुओं के अंतर्गत प्रत्येक राजकीय कॉलेज में ई–ग्रंथालय पुस्तकालय, कम से कम दो स्मार्ट क्लास, 04 ई–बोर्ड, प्रयोगशाला व आवश्यक उपकरण, शुद्ध पेयजल, छात्र संख्या के अनुसार फर्नीचर, 6 शौचालय, खेल मैदान, रैम्प, विद्युत व्यवस्था, बाउंड्री वॉल सहित रंगाई–पुताई करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छात्र संख्या के अनुसार प्रत्येक कॉलेज में कम्प्यूटर की व्यवस्था की जाय।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने रू0 02 लाख तक की एकमुश्त धनराशि खर्च करने का अधिकार कॉलेज प्राचार्यों को देने के निर्देश दिये।

### सीएम ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कीं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि चीन ने एक बार फिर से छलावा किया है। नियमित शांति वार्ता के दौरान चीन ने हमारे सैनिकों पर आक्रमण किया है। लेकिन हमारे सैनिकों ने जो शहादत दी और चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया है, उससे चीन को समझ आ जाना चाहिए कि भारत की सेना किसी का भी सामना कर सकती है। अब चीन की गलतफहमी दूर हो जानी चाहिए। हमारे सैनिक निहत्थे थे, वे बातचीत करने गए थे, धोखे के साथ उन पर आक्रमण किया गया। लेकिन हमारे जवानों ने पराक्रम के साथ जवाब दिया। हमारे सैनिकों की शहादत और वीरता को नमन है।

## गलवान पर चीन की नई चाल

# चीनी इलाके में हुई झड़प हमारी जिम्मेदारी नहीं


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। भारत के साथ सीमा पर हिंसक झड़प में 20 सैनिकों की हत्या के बाद चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बार फिर से इस हिंसक घटना के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लधिजिन ने बुधवार को कहा कि हिंसा की यह घटना चीन के एलओसी वाले क्षेत्र में हुई है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों ही देश कूटनीतिक और सैन्य चौनलों से संपर्क में हैं।

लिजिन ने कहा, यह बहुत स्पष्ट है कि चूंकि (हिंसा की घटना) चीनी वास्ध्तविक नियंत्रण रेखा वाले इलाके में हुई है, इसलिए इसकी जिम्मेदारी चीन की नहीं बनती है। चीन और भारत दोनों ही कूटनीतिक और राजनयिक स्तर पर प्रासंगिक विषयों को सुलझाने के लिए निकट संपर्क में हैं। इससे पहले भी मंगलवार को भी चीनी विदेश मंत्रालय ने भारत को ही इस हिंसक घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया था।

### गलवान हमारा है: चीन

चीनी सेना पीएलए ने एक बयान जारी करके 6 जून को हुई आम सहमति का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भारत अपनी बात पर कायम नहीं रहा। पीएलए ने गलवान वैली को अपना बताते हुए कहा, गलवान वैली पर हमेशा से ही चीन का कब्जा रहा है।



चीन ने दावा किया कि गलवान वैली इलाका हमेशा से ही उसका रहा है लेकिन वह और ज्यादा हिंसा नहीं चाहता है।

चीनी प्रवक्ता ने चीन के 43 सैनिकों के हताहत होने की खबर पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, सीमा पर सैनिक इन मामलों को देख रहे हैं। मुझे अभी इस बारे में कुछ नहीं कहना है। सीमा पर स्थिति स्थिर और नियंत्रण योग्य है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


## कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 1985 पहुंचा

अपर सचिव स्वास्थ्य युगल किशोर पंत ने इसकी पुष्टि की

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में बुधवार को 43 और कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए हैं। इसके बाद अब प्रदेश में संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 1985 पहुंच चुका है। अपर सचिव स्वास्थ्य युगल किशोर पंत ने इसकी पुष्टि की है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, अल्मोड़ा में 14, देहरादून में आठ, नैनीताल में आठ, टिहरी में नौ, रुद्रप्रयाग में दो और पौड़ी व उत्तरकाशी में एक– एक कोरोना संक्रमित केस आए हैं। प्रदेश में अब तक 1230 संक्रमित मरीज ठीक होकर घर लौट चुके हैं। जबकि अभी भी 717 एक्टिव केस हैं। जबकि अब तक 25 कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है।

जनपद अन्तर्गत बनाये गये क्वारेंटीन सेन्टरों में रखे गये 45 व्यक्तियों की चिकित्सकीय टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं कांउसिलिंग की गयी।